62/17 सरकार वs फूलदेवी वगैरा

28.6.18

पत्रावली राजस्व लोक अदालत अभियान में अटल सेवा केन्द्र ग्राम पंचायत सिणधरी चौसिरा में पेश हुई। प्रार्थी पक्ष की ओर पैरोकार सरकार नायब तहसीलदार (कोर्ट) सिणधरी उपस्थित। विप्रार्थी संख्या 1,3 से 5,9 से 17,19 से 25,27,28 एकतरफा। विप्रार्थी संख्या 2,6 व 26 के वारिसान को जारी नोंटिस तामील शुदा प्राप्त हुए। विप्रार्थीगण बावजूद नोटिस तामिल के हाजिर नहीं होने पर इनके विरूद्व एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है।

प्रार्थी पक्ष की बहस सुनी गई। दौराने बहस कथन किया कि आवेदन में दर्शित रकबानुसार का आमजन आने जाने हेतु रासते हेतु उपयोग करते है और मौके पर भी सड़क चल रही है,लेकिन राजस्व रिकार्ड में किस्म बा.दोयम दर्ज है। अतः प्रार्थी का आवेदन स्वीकार किया जाकर प्रस्तावित भूमि की किस्म बा.दोयम के स्थान पर राजस्व रिकार्ड में गै.मु.रास्ता दर्ज की जावें।

**हमने** प्रार्थी पक्ष को सुना। और पत्रावली के सलंग्न राजस्व रिकार्ड,दस्तावेजात का गम्भीरता पूर्वक अवलोकन किया। तथा तथ्यो का विधि के परिप्रेक्ष्य में विवेचन किया गया। जिसमें पाया कि आवेदन में दर्शित विवादित भूमि का रकबा किस्म बा.दोयम दर्ज है। प्रस्तावित रकबा का आमजन के आने जाने हेतु रास्ते के रूप में उपयोग मे लिया जा रहा है,और तहसीलदार सिणधरी द्वारा भी उक्त रकबे की किस्म गै.मु.रास्ता दर्ज करने की सिफारिश की गई है। एवं प्रस्तावित भूमि में खसरा संख्या 245 की किस्म गै.मु.आगौर दर्ज है। जो प्रतिबन्धित श्रेणी में होने के कारण यथावत रखा जाता है। विप्रार्थीगण बावजुद नोटिस तामिल के हाजिर नहीं हुए है। इससे प्रतीत होता है,कि विप्रार्थीगण को प्रस्तावित रकबे की किस्म गै.मु. रास्ता किये जाने में कोई आपर्ति नहीं है। यदि आपर्ति होती तो न्यायालय मे हाजिर होकर चाराजोही करते। लेकिन ऐसा विप्रार्थीगण द्वारा नहीं किया गया। इससे स्पष्ट है। कि प्रस्तावित रकबेनुसार मौके पर रास्ता चल रहा है। ऐसी सूरत में न्यायालय को गै.मु.रास्ता दर्ज किये जाने में कोई आपर्ति प्रतीत नही होती है।

**लिहाजा** प्रार्थी का आवेदन लोकभावना एवं जनहित को मध्यनजर रखते हुए आंशिक रूप से स्वीकार किया जाकर विस्तृत आदेश पृथक से लिखा जाकर सुनाया गया और शामिल मिसल किया गया।

पत्रावली फेसल सुमार होकर दाखिल दफतर हो।

उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी

Scanned by CamScanner

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर सिणधरी

(राजस्व लोक अदालत/केम्प स्थल–अटल सेवा केन्द्र ग्रा.प सिणधरी चारणान)
पीठासीन अधिकारी–श्री अंजुम ताहिर सम्मा,आर.ए.एस.

राजस्व आवेदन संख्या 62/17
दिनांक

क्रमांकः/राजस्व/2018/

## –::आदेश::–

श्रीमान जिला कलक्टर बाड़मेर के पत्रांकःप.12()(1)राजस्व/2016/7205–40 दिनांक 10.10.2016 प्राप्त निर्देशों की अनुपालना में तहसीलदार सिणधरी द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि राजस्व ग्राम गेहूंवाली नाडी पटवार मण्डल सिणधरी तहसील सिणधरी की जमाबंदी संवत् 2071–2074 के अनुसार निम्नांकित भूमि निजी खातेदार में दर्ज है। लेकिन मौके पर रास्ते के उपयोग में आ रही है, जिसे गैर मुमकिन रासता दर्ज करवाने के आदेश प्रदान करावें।

भूमि धारक तहसीलदार सिणधरी द्वारा अनुशंषा किये जाने पर राजस्व (ग्रुप–6) विभाग राजस्थान सरकार के परिपत्र क्रमांकःप 3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 दिनांक 10.08.2016 के अनुसरण में राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 130, 131, एवं 136 तथा राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 के नियम 60(एच) के तहत राजस्व ग्राम गेहूंवाली नाडी पटवार मण्डल सिणधरी तहसील सिणधरी की निम्नांकित दर्शित निजी खातेदारी को गैर मुमकिन रास्ता दर्ज करने के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार सिणधरी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव व नजरी नक्शा आदेश का अभिन्न अंग रहेगा।

| क्र. स. | खातेदार का नाम | ख.न. | कुल रकबा (बीघा) | किस्म | रास्ते हेतु मौके अनुसार प्रस्तावित भूमि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | रकबा | किस्म |
| 1 | फईदेवी पत्नी केहनाराम 120/1463 हि. कौम जाट सा. खारामहेचान काना सवा पि. रूघा गुलाबसिंह हडमतसिंह पि. भगसिंह फूसीदेवी बेवा भगसिंह 4765/7303 हि. मसरसिंह वल्द भगसिंह 487/7303 हि. सा. देह रसाल कंवर पुत्री उदा पत्नी उत्तमसिंह 1/5 हि. कौम राजपूत सा. बारासण खातेदार | 241 | 73-03 | बा.दोयम | 2-04 | गै.मु.रास्ता |
| 2 | अचलाराम पुत्र कुंभाराम लालाराम रूपाराम जसाराम लुंभाराम पि. जगराम कौम जाट सा. सरली खातेदार | 242/1 | 97-14 | बा.दोयम | 0-11 | गै.मु.रास्ता |
| 3 | बलवंतसिंह शैतानसिंह महेन्द्रसिंह पि. मांगसिंह धुडीदेवी पत्नी मांगसिंह | 242 | 79-14 | बा.दोयम | 2-07 | गै.मु.रास्ता |

उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी

Scanned by CamScanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | शंकरसिंह वल्द पन्नेसिंह कौम राजपूत सा. देह खातेदार। रहन बलवन्तसिंह का हि. जेटीजीबी शाखा सिणधरी। | | | | | |
| 4 | घमण्डसिंह वल्द देरामसिंह कौम राजपूत सा. देह खातेदार रहन एसबीबीजे सिणधरी। | 242/3 | 6-00 | बा.दोयम | 0-01 | गै.मु.रास्ता |
| 5 | छेलसिंह उमसिंह दुर्गासिंह पि. धुंकसिंह मांगा सांगा पि. काना कौम राजपूत सा. देह खातेदार रहन उमसिंह का हि.एस.बी.बी.जे शाखा सिणधरी। | 246 | 70-05 | बा.सो. | 0-01 | गै.मु.रास्ता |
| 6 | बालसिंह गजेसिंह पि. मूलसिंह कौम राजपूत सा. देह खातेदार। रहन बालसिंह का हि. एस.बी.बी. जे शाखा सिणधरी व गजेसिंह का हि. जे.टी. जी.बी शाखा सिणधरी। | 227/1 | 14-01 | बा.सो. | 0-05 | गै.मु.रास्ता |

उपखण्ड अधिकारी,सिणधरी

क्रमांकः/राजस्व/2018/ दिनांक

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक पालनार्थ।

1. तहसीलदार सिणधरी।

उपखण्ड अधिकारी,सिणधरी

उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी

Scanned by CamScanner